an>

Title: Smt. Ranjeet Ranjan made a submission regarding intrusion into fundamental rights of the citizens by the state machinery.

श्रीमती रंजीत रंजन (सुपौल) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से लोकतंत्र से जुड़ा हुआ मुद्दा उठाना चाहती हूं। आज भगत सिंह जी की पुण्यतिथि है, शहीदी दिवस है, उनके साथ ही राजगुरू, सुखदेव जी की भी है। उनकी एक कोटेशन याद आ रही है। उन्होंने कहा था कि "बुराई तब नहीं बढ़ती, जब बुरे लोग बढ़ जाते हैं, बुराई तब बढ़ जाती है, जब सहने वाले लोग ज्यादा बढ़ जाते हैं।" मामला उत्तर प्रदेश का नहीं है, लेकिन उत्तर प्रदेश से रिलेटेड है। मैं जरूर बोलना चाहूंगी, क्योंकि जब प्रदेशों में इस तरह की घटनायें होती हैं, तो सदन जो सबसे बड़ी पंचायत है, तब इस सेंटर की गवर्नमेंट को उसको देखना पड़ता है कि क्या वहां संविधान की अवहेलना हो रही है। अगर आप फुल मेजारिटी में आते हैं और लोकतंत्र के कारण आते हैं, तो क्या लोकतंत्र का मजाक उड़ाना, लोगों की, युवाओं की, बच्चियों की आजादी का मजाक उड़ाना या उसी का कानून बनाना और कोई भी मनमानी करना ही राज्य या सत्ता होती है।

मैं यह नहीं कह रही हूं कि मैं अश्लीलता के खिलाफ नहीं हूं या जो बच्चे फूहड़ता करते हैं, हम लोग उनके खिलाफ नहीं हैं। लेकिन यह किस तरह का कानून है कि कानून की आड़ में आप किसी भी लड़का-लड़की को उठक-बैठक करा रहे हैं, किसी के भी कान खींच रहे हैं। कोई भाई-बहन जा रहे हैं, उनको भी बुरी नजर से देखा जा रहा है। क्या हमारे हिंदुस्तान में प्यार करना गलत है, क्या गर्ल फ्रैंड, ब्वाय फ्रैंड होना गलत है? अगर वे सभ्य तरीके से बैठे हुए हैं, तो उनको क्या हक है कि पुलिस जाकर छेड़े कि आपको पार्क में नहीं बैठना है? क्या आज सरकार यह तय करेगी कि लड़का-लड़की को पार्क में किस तरह से बैठना है, कैसे बैठना है, क्या इसका कोई मापदण्ड तय होगा? ...(व्यवधान) जिस तरह से उत्तर प्रदेश में हो रहा है, बूचड़खाने के तौर पर कुछ जातियों को और आज एक आईपीएस की अखबार में स्टेटमेंट आई है, उसमें एक जाति विशेÂष के लिए कहा जा रहा है तो मैं कहूंगी कि जो आपके पांच मिनिस्टर्स हैं, उनको भी हटा दीजिए। जिस तरह से यादवों, मुसलमानों और दलितों के खिलाफ उत्तर प्रदेश में नफरत फैलाई जा रही है, यह संविधान की अवहेलना है, युवाओं की अवहेलना है, हमारी आजादी की अवहेलना है, जिसकी सरकार को जांच करनी चाहिए। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: He is replying.

...(*Interruptions*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Sanghamita Mamtaz, Shri P.K.Biju, Shri M. B. Rajesh and Shri K.C. Venugopal are permitted to associate with the issue raised by Shrimati Ranjeet Ranjan.

THE MINISTER OF CHEMICALS AND FERTILIZERS AND MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI ANANTHKUMAR): They have to sit down, when hon. Home Minister is answering.

गृह मंत्री (श्री राजनाथ सिंह) : उपाध्यक्ष महोदय, अभी सरकार बने बामुश्किल दो-तीन दिन हुए हैं और मैं समझता हूं कि ...(व्यवधान) आतंक छाने का कोई सवाल ही नहीं है। जिस भारतीय जनता पार्टी की सरकार इस समय उत्तर प्रदेश में है, मैं यह स्पÂट करना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी कास्ट, क्रीड अथवा रिलीजन की बेसिस पर किसी भी सूरत में किसी प्रकार का डिस्क्रिमिनिशन नहीं करती है। आपने देखा होगा कि वहां के जो मुख्यमंत्री बने हैं, उन्होंने भी अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि मैं एक ही सिद्धांत को अपनाकर चलूंगा, 'सबका साथ और सबका विकास'। इसी सिद्धांत को ही अपनाकर वे वहां पर काम कर रहे हैं। ...(व्यवधान)

श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) : आपसे बड़ा देवता कोई नहीं है। ...(व्यवधान), आप ही संभाल सकते हैं। ...(व्यवधान)

HON. DEPUTY SPEAKER: Let him reply.

...(*Interruptions*)

श्री धर्मेन्द्र यादव (बदायूँ) : माननीय गृह मंत्री जी ...(व्यवधान)

श्री राजनाथ सिंह : धर्मेन्द्र जी, बैठ जाइए। ...(व्यवधान) यदि कोई स्पेसिफिक इंसीडेंट ऐसा है, उपाध्यक्ष महोदय, यदि उसकी जानकारी प्राप्त हो जाएगी, तो मैं उसे दिखवा लूंगा। ...(व्यवधान)